दिन–शुक्रवार दिनांक– 07 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 07:30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार अभियान चरम पर। एनडीए और महागठबंधन के नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में लगातार कर रहे है चुनावी सभाएं और रोड शो।

02 भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने औरंगाबाद और कैमूर में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। महागठबंधन पर झूठे वायदे कर लोगों को गुमराह करने का लगाया आरोप।

03. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में की चुनावी सभाएं।

04. और, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के डेढ सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक वर्ष तक चलने वाले समारोह का उद्घाटन किया।

---

विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार अभियान अपने चरम पर है। एनडीए और महागठबंधन के घटक दलों के नेता और स्टार प्रचारक अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में लगातार चुनावी सभाएं और रोड शो कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने औरंगाबाद और कैमूर में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। श्री मोदी ने राजद और कांग्रेस पर बिहार के लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राजद ने अपने घोषणा पत्र के माध्यम से झूठे वायदे किये हैं, लेकिन बिहार की जनता किसी झांसे में नहीं आयेगी।

–––बाईट–––

प्रधानमंत्री ने कहा कि महागठबंधन के पास अपने घोषणा पत्र में किये गये वायदे को पूरा करने का कोई रोड मैप नहीं है।

–––बाईट–––

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जमुई, बिहपुर और पीरपैंती में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। श्री शाह ने कहा कि एनडीए की सरकार बनने पर राज्य को बाढ़ से मुक्ति दिलाना सरकार का प्रमुख लक्ष्य होगा और इसके लिए नये विभाग का गठन किया जायेगा।

–––बाईट–––

श्री शाह ने पूर्णियां में एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में एक रोड शो भी किया। इधर, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने कल्याणपुर और गोविंदगंज विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुये कहा कि यह चुनाव बिहार को विकसित राज्य की श्रेणी में लाने के लिए निर्णायक साबित होगा।

---बाईट---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ढाका, लौरिया और रक्सौल में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। श्री आदित्यनाथ ने महागठबंधन पर लोगों को नौकरी देने के नाम पर भ्रमित करने का आरोप लगाया।

---बाईट---

जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्वी चम्पारण और पश्चिमी चम्पारण जिले के अलग–अलग विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने लोगों से विकास के लिए एक बार फिर एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान की अपील की।

---बाईट---

इधर, आरपीआई पार्टी के प्रमुख और केन्द्रीय मंत्री रामदास अठावले ने जमुई और गया में एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबू लाल मरांडी तथा पूर्व सांसद और फिल्म अभिनेता दिनेश लाल यादव निरहुआ ने भी एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभाएं की।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रोहतास के चेनारी और गया में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुये कहा कि महागठबंधन की सरकार बनने पर पलायन पर रोक लगायी जायेगी और पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू होगी।

---बाईट---

इधर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने अमरपुर और भागलपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुये केन्द्र और राज्य की एनडीए सरकार पर जमकर निशाना साधा। श्री गांधी ने कहा कि महागठबंधन की सरकार राज्य के सभी वर्ग के लोगों के हितों का ध्यान रखेगी।

---बाईट---

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने पूर्णियां, अररिया, भागलपुर और बांका जिले के अलग–अलग विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। श्री यादव ने कहा कि उनकी सरकार बनने पर हर घर से एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देने के वायदे को पूरा किया जायेगा।

———बाईट———

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने रोहतास जिले के नासरीगंज में जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि यह चुनाव बिहार में सत्ता परिवर्तन का चुनाव है।

———बाईट———

इधर, भाकपा–माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने बेतिया में महागठबंधन उम्मीदवारों के पक्ष में लोगों से मतदान की अपील की। जन सुराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह ने पूर्णियां में कहा कि जन सुराज की सरकार बनने पर शिक्षा, रोजगार पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। सीपीआई, सीपीएम और बहुजन समाज पार्टी समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में लगातार चुनावी सभा कर रहे हैं।

———————————————————

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में ऐतिहासिक मतदान दर्ज किया गया। चौंसठ दशमलव छह छह प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जो अब तक का एक रिकॉर्ड है। पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में यह सात दशमलव तीन सात प्रतिशत अधिक है। मुजफ्फरपुर जिले में सबसे अधिक सत्तर दशमलव नौ छह प्रतिशत वोटिंग हुई। वहीं, सबसे कम पटना जिले में अट्ठावन दशमलव चार प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इधर, विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में ग्यारह नवंबर को बीस जिलों के एक सौ बाईस विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। वोटों की गिनती चौदह नवंबर को की जाएगी।

———————————————————

प्रथम चरण के मतदान की समाप्ति के बाद ईवीएम और वीवीपैट को प्रत्याशियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं और केन्द्रीय प्रेक्षकों की उपस्थिति में ईवीएम स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रखा गया है। निर्वाचन विभाग ने कहा है कि तय प्रोटोकॉल के अनुसार स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए दो स्तरों में सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है। सुरक्षा में केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल भी तैनात हैं। साथ ही सीसीटीवी कैमरे से भी से स्ट्रांग रूम की निगरानी की जा रही है।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के डेढ सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक वर्ष तक चलने वाले स्मरण उत्सव का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। उन्होंने vandemataram150.in पोर्टल भी जारी किया। इसमें लोग राष्ट्रीय

गीत गाते हुए अपनी वीडियो डालकर प्रमाण–पत्र प्राप्त कर सकते हैं। नई दिल्ली में इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम एक मंत्र, एक ऊर्जा, एक सपना और एक संकल्प है।

–––बाईट–––

वंदे मातरम का मूल भाव है। भारत मां भारती भारत की शाश्वत संकल्पना वह संकल्पना जिसने मानवता के प्रथम पहर से खुद को गढना शुरू कर दिया जिसने युगों–युगों को एक–एक अध्याय के रूप में पढ़ा शून्य से शिखर तक उनकी यात्रा और शिखर से पुनरू शून्य में उनका विलय भारत ने यह सब कुछ देखा है।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे से सार्वजनिक स्थानों को सुरक्षित रखने और राजमार्गों से आवारा मवेशियों और अन्य पशुओं को हटाने के लिए कई दिशा–निर्देश जारी किए हैं। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन.वी अंजारिया की पीठ ने हर शैक्षिक संस्थान, अस्पताल, सार्वजनिक खेल परिसर, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशनों पर आवारा कुत्तों के प्रवेश को रोकने के लिए उपयुक्त तरीके से बाड़ लगाने को कहा। न्यायालय ने सभी राष्ट्रीय उच्च पथ और राज्य उच्च पथों से भी आवारा पशुओं को हटाने के निर्देश दिये। शीर्ष न्यायालय ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिव को इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने का आदेश दिया है। साथ ही न्यायालय ने इन दिशा–निर्देशों के कार्यान्वयन को लेकर उठाए गए कदमों के बारे में आठ सप्ताह के भीतर अनुपालन स्थिति रिपोर्ट सौंपने को कहा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार अभियान चरम पर। एनडीए और महागठबंधन के नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में लगातार कर रहे है चुनावी सभाएं और रोड शो।

02 भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने औरंगाबाद और कैमूर में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। महागठबंधन पर झूठे वायदे कर लोगों को गुमराह करने का लगाया आरोप।

03. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में की चुनावी सभाएं।

04. और, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के डेढ सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक वर्ष तक चलने वाले समारोह का उद्घाटन किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।